कार्यालय पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस-नोट

दिनांक 03.11.2024

विषयः- नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपहरण व दुराचार करने वाला वांछित अभियुक्त थाना चितईपुर, पुलिस द्वारा गिरफ्तार व पीड़िता बरामद।

श्रीमान् पुलिस आयुक्त महोदय कमिश्नरेट वाराणसी द्वारा महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध दण्डात्मक कार्यवाही हेतु दिए गए निर्देशों के अनुपालन में पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी के निर्देशन में व अपर पुलिस उपायुक्त, काशी जोन, कमिश्नरेट वाराणसी व सहायक पुलिस आयुक्त भेलूपुर के मार्गदर्शन एवं प्रभारी निरीक्षक चितईपुर के कुशल नेतृत्व में नाबालिग की गुमशुदगी के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग में पीड़िता की बरामदगी करते हुए वांछित अभियुक्त साहिल अहमद पुत्र नूरमोहम्मद निवासी कन्दवा बाजार थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष को दिनांक 03.11.2024 को मलिहान स्थित शराब के ठेके के पास गिरफ्तार किया गया। अग्रेतर विवेचनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

घटना विवरणः- दिनांक- 02.04.2024 को शिकायतकर्ता की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर अभियोग पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में पीड़िता/ अपहृता की बरामदगी की गयी। पीड़िता के बयान एवं पहचान तस्दीक के आधार पर दिनांक 03.11.2024 को अभियुक्त साहिल अहमद पुत्र नूरमोहम्मद निवासी कन्दवा बाजार थाना मण्डुवाडीह जनपद वाराणसी उम्र करीब 22 वर्ष उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तारी का दिनांक व स्थान- दिनांक गिरफ्तारी 03.11.2024 मलिहान स्थित शराब के ठेके के पास, थाना क्षेत्र चितईपुर, कमिश्नरेट वाराणसी।

गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –

1. संजय कुमार मिश्र प्रभारी निरीक्षक थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
2. उ0नि0 विकास कुमार पाण्डेय थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
3. उ0नि0प्र0 अवनीश कुमार थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
4. उ0नि0प्र0 मो0 मोइन थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
5. एन्टीरोमियो प्रभारी म0उ0नि0 सुमन थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
6. म0आ0 सुमन थाना चितईपुर कमि0 वाराणसी
7. का0 प्रशान्त तिवारी सर्विलांस सेल कमि0 वाराणसी

सोशल मीडिया सेल
पुलिस उपायुक्त काशी जोन
कमिश्नरेट वाराणसी।